दिनांक 20.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने निर्माणाधीन अंडर ब्रिज एवं फ्लाईओवर का किया निरीक्षण'

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने नेहरू नगर चौक रेलवे क्रासिंग में बन रहे अंडर ब्रिज एवं फ्लाईओवर ब्रिज का निरीक्षण सेतु निर्माण के अधिकारियों एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों के साथ किया। सेतु निर्माण द्वारा बनाए जा रहे अंडर ब्रिज के शुरुआती रास्ते से लेकर समाप्त होने तक के रास्ते का निरीक्षण आयुक्त सुंदरानी ने किया।

आयुक्त ने अंडर ब्रिज के निर्माण को लेकर चर्चा की जिस पर उपस्थित सेतु निर्माण के उप अभियंता जे.के. वैष्णव ने बताया कि जनवरी के अंतिम सप्ताह तक फ्लाई ओवर ब्रिज एवं फरवरी के प्रथम सप्ताह तक अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है वर्तमान में फ्लाई ओवर ब्रिज का 3 स्लैब ढलाई का कार्य प्रगति पर है जिसे पूर्ण करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है जिससे रेलवे के संचालन में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी।

आयुक्त ने संप वेल के संबंध में रेलवे के अधिकारियों से चर्चा की जिस पर रेलवे विभाग के उपस्थित इंजीनियर श्री पाइक ने बताया कि अंडर ब्रिज के समीप संप वेल की कार्य योजना तैयार की जा रही है जल्द ही क्रियान्वयन किया जाएगा ताकि बारिश में भरने वाले पानी की निकासी की व्यवस्था हो सके।

आयुक्त श्री सुंदरानी ने सेतु निर्माण के अधिकारियों एवं रेलवे विभाग के इंजीनियर से कहा कि नगर निगम से संबंधित यदि कोई समस्या या बाधा निर्माण कार्य में आ रही है तो अवगत करावे परंतु जनहित के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करावे जिससे समय रहते लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके।

निगमायुक्त एस.के. सुंदरानी के निरीक्षण के दौरान सेतु निर्माण के कार्यपालन अभियंता के.के. पाल, अनुविभाग अधिकारी आर.पी. सर्राफ ,उप अभियंता जे.के. वैष्णव, रेलवे विभाग के जूनियर इंजीनियर पाइक, नगर पालिक निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता आर.के. साहू ,जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 संजय बागड़े, सहायक अभियंता सुनील दुबे ,सहायक अभियंता आलोक पसीने सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी